हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 पीपरछेड़ी समाधान शिविर में सौगातों की बारिश कई गांव के ...



13 श्रृंगार कर हाथों पर रचाई मेहंदी, लगाई हल्दी और...





## खबर संक्षेप

### राज्यपाल डेका आज एवं कल बालोद के प्रवास पर

**बालोद।** राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार 30 मई एवं शनिवार 31 मई को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे शनिवार 31 मई को तांदुला इको रिसार्ट सिवनी, बालोद में स्व सहायता समूह एवं केन्द्रीय योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों से मुलाकात करेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार 30 मई को शाम 04.30 बजे पुलिस लाईन नारायणपुर स्थित हैलीपेड से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर शाम 05 बजे तांदुला इको रिसॉर्ट सिवनी, बालोद पहुँचेंगे। इसके पश्चात वे शाम 05.30 बजे तांदुला इको रिसार्ट में स्व सहायता समूहों एवं केन्द्रीय योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों से मुलाकात करेंगे। राज्यपाल डेका शनिवार 31 मई को सुबह 09.30 बजे तांदुला इको रिसार्ट सिवनी, बालोद से कार द्वारा कलेक्टोरेट ऑफिस मोहला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बेकाबू आटो की ठोकर से दुकान का पोस्टर फटा

**बालोद।** अर्जुन्दा बस स्टैण्ड के पास ऑटो की टक्कर से दुकान का पोस्टर क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान दुकान के पास मौजूद तीन लोग बाल बाल बचे। प्रार्थी दिनेश यादव ने बताया कि 25 मई की रात 9:30 बजे ऑटो मालवाहक को ओवरस्पीड चलाकर चालक ने पोस्टर को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे आर्थिक नुकसान हुआ। दुकान के पास गोलु वि"वकर्मा, भोलू यादव सहित अन्य लोग आस पास खड़े थे। जो बाल बाले बचे। अर्जुन्दा थाने मे वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 184 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### जमीन विवाद, किसानों में मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** ग्राम परना मे खेती जमीन को लेकर विवाद के बाद 2 किसानो के बीच मारपीट की नौबत आ गई। जिसके बाद दोनो ही किसानो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टीकम साहू ने बताया कि 26 मई को दोपहर 3 बजे सामान खरीदने परिवार के बच्चो के साथ दुकान जा रहा था। इस दौरान बेवजह बसंत यादव ने चप्पल से पिटाई कर धमकी दी। वही बसंत यादव ने जानकारी दी है कि रेगहा मे खेत बोआई के संबंध मे चर्चा की तो मेरा जमीन है कहकर टीकम ने गाली गलौज कर चप्पल से मारपीट की। जिससे सिर, सीना मे चोट लगी है। अर्जुन्दा थाने मे दोनो किसानो के खिलाफ धारा 115(2) 296, 351 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी हैं।

### पाटन में गांजा का व्यापार करने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** आजाद चौक पाटन निवासी सोनी पति विजय नेताम उम्र 40 वर्ष को पुलिस गांजा की बिक्री करते पकड़ा। आरोपी सोनी के कब्जे से 1.100 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। गांजे के साथ मोबाइल भी जब्त किया गया। कीमत 13500 रुपए आंकी गई है।

# पंजीयन प्रणाली से त्रस्त किसान ने जहर खाने की कोशिश की, कार्यालय में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

उप पंजीयक कार्यालय में उस समय अफरा तफरी मच गई, जब पंजीयन कराने आए एक किसान ने काम नहीं होने के कारण जहर सेवन कर जान देने की कोशिश की, किसान ने पंजीयक के सामने ही जहर की शीशी को खोलकर पीने की कोशिश कर ही रहे थे, तभी वहां मौजूद एक व्यक्ति द्वारा उसको झटका मारकर सेवन करने से रोका गया, जिससे किसान के आंख में जहर की छींटे चले जाने से उनको तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, अभी फिरहाल किसान को प्राथमिक उपचार करके खतरा से बाहर होने के बाद छुट्टी कर दिया गया है।

## आंख में जहर के छींटे पड़ने से किसान घायल, उपचार जारी





**विधायक कुंवर सिंह निषाद पीड़ित किसान से की मुलाकातः** मामले का संज्ञान में आने के तुरंत बाद गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद पीड़ित किसान से मिलने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पंजीयन की प्रक्रिया में नियमों में किया गया, परिवर्तन किसानों के हित में नहीं है यह घटना छत्तीसगढ़ सरकार की कुशासन को दर्शाता है सरकार को तत्काल इन नियमों को बदलना चाहिए।

### बंटवारे की जमीन को पंजीयन कराने पहुंचा था किसान

ग्राम भूसरेंगा निवासी किसान रामकुमार साहू ने बताया कि लगभग एक वर्ष से अपने पूर्वजों की जमीन को अपने नाम में लाने के लिए कार्यालयों का चक्कर काट रहा हूं आज अपने पूरे परिवार सहित रजिस्ट्री के माध्यम से अपने हक की जमीन को पंजीयन कराने पंजीयक कार्यालय पहुंचा हुआ था, जहां उप पंजीयक द्वारा मेरे बहन के दो नाम होने के कारण काम नहीं हो पाएगा बोलकर वापस कर दिया गया बार बार नियमों में परिवर्तन का हवाला देकर मुझे कार्यालयों के चक्कर लगाने पर मजबूर किया गया, जिसके कारण इस प्रक्रिया से आहत होकर जहर सेवन कर खुदकुशी करने की कोशिश की हूं ताकि अपनी बात शासन तक पहुंचा सकु।

### उप पंजीयक ने नियमों का दिया हवाला

इधर मामले में उप पंजीयक शशि पात्रे का कहना है कि किसान पहली बार मेरे पास पंजीयन कराने आया था, उसके दस्तावेज में कमी के कारण उसके काम को नहीं हो पाएगा करके बोला गया था क्योंकि पंजीयन पोर्टल पर राज्य सरकार द्वारा आधार प्रमाणीकरण का सिस्टम लागू किया गया है, जिसके लिए ऋण पुस्तिका और आधार में नाम एक होना चाहिए जिसके कारण से उसका काम नहीं हो सकता था, इस मामले को अपने उच्च अधिकारीयों को अवगत करा दिया गया है और थाना में भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

43839 प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओ में 1-1 पद सेटअप 2008 से कम कर समाप्त करने का विरोध

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में रैली निकाली, प्रदर्शन किया, बीएड की अनिवार्यता खत्म करने की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा

शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों और शिक्षकों के किए जा रहे युक्तियुक्तकरण के विसंगति पूर्ण नीति के विरोध में एवं सोना साहू प्रकरण अनुसार क्रमोन्नत वेतनमान के जनरल आदेश जारी करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन सहित अन्य लाभ व पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदेश के शिक्षक 28 मई को राजधानी के धरना स्थल तूता नवा रायपुर धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन कर रैली निकाली व मंत्रलय नया रायपुर का घेराव करने उग्र प्रदर्शन किया। प्रदेश के 23 प्रमुख शिक्षक संगठन का साझा मंच शिक्षक साझा मंच के बैनर तले 23 प्रांतीय संचालकों संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, केदार जैन, विकास राजपूत, कृष्ण कुमार नवरंग, जाकेश साहू आदि के नेतृत्व में उक्त प्रदर्शन किया गया।

- वर्षभर 127 अलग अलग गैरशैक्षणिक कार्य अन्य विभागों के कराने की प्रथा समाप्त किया जाए

जिसमें प्रदेश के हजारों शिक्षकों ने आंदोलन प्रदर्शन में शामिल हुए। सबसे ज्यादा नाराजगी शिक्षकों में युक्तियुक्तकरण की विसंगतिपूर्ण नीति से है। सेटअप 2008 राज्य शासन द्वारा अधिकृत राज्य के कर्मचारियों के लिए शिक्षा विभाग और स्कूलों के ▶▶| शेष पेज 12 पर

### 2008 के अनुसार पदस्थापना की मांग

शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण मामले में यह भ्रम फैलाया जा रहा है की शिक्षा के अधिकार कानून में युक्तियुक्तकरण की व्याख्या में कम शिक्षक है, जबकि शिक्षा विभाग स्वयं के बनाये गए स्वीकृत व संचालित हुए शिक्षा विभाग और शालाओं के सेटअप 2008 के अनुसार पदस्थापना किया है। इन सभी से नाराज शिक्षकों ने शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्रदेश के 23 शिक्षक संगठन शामिल होकर आज 28 मई को प्रदर्शन किया। जिसमें जिले से शिक्षक साझा मंच जिला संचालक दिलीप साहू, रामकिशोर खरांशु, कामता प्रसाद साहू, शिव शांडिल्य, वीरेंद्र देवांगन, पवन कुम्भकार, जगत राम साहू, हरीश कुमार साहू, धीरज कस्तूरे, शेषलाल ▶▶| शेष पेज 12 पर

### शिक्षकों के 53000 पद रिक्त

राज्य शासन के कर्मचारी शिक्षक वर्ग है उन्हें शिक्षा के अधिकार कानून के तहत शिक्षकों की तैनाती के लिए राष्ट्रीय औसत को याद दिलाया जा रहा है, छत्तीसगढ़ शासन व शिक्षा विभाग को यह ध्यान रखना चाहिए कि छत्तीसगढ़ के शिक्षकों व कर्मचारियों को न तो केंद्रीय वेतनमान मिलता है न ही केंद्र के समान कर्मचारियों के बराबर एरियर्स दिया जा रहा है न ही केंद्र के समान कर्मचारियों के बराबर महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जा रहा है, जब शिक्षक व कर्मचारी सुविधा को छोड़ा गया हैं तो छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बनाए गए सेटअप का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं। सीधी सी बात है प्रदेश में 53000 पद रिक्त है, ऐसे पदों की पूर्ति वर्तमान में करना न पड़े, प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार से वंचित करने का एक प्रयास है। शासन द्वारा यह पक्ष लाया गया कि प्राथमिक शाला में 2 ही कमरे होते है, यह दावा पूर्णतः गलत ▶▶| शेष पेज 12 पर

# चिखलाकसा में महिला की हत्या की साजिश उजागर, आरोप में पति समेत दो हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



पति के द्वारा पत्नी की हत्या कर दिए जाने के मामले को लेकर पुलिस ने प्रेस वार्ता में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल सहित दल्लीराजहरा

- पति ही निकला आरोपी, दोस्त के साथ मिलकर रची थी साजिश : सीएसपी डा. चित्रा

सीएसपी डॉ चित्रा वर्मा ने बताया कि दल्लीराजहरा शहर समीप चिखलाकसा क्षेत्र में हुई एक महिला की संदिग्ध मौत के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। प्रारंभ में एक्सीडेंट प्रतीत हो रही घटना दरअसल एक पूर्व-नियोजित हत्या निकली। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से यह स्पष्ट हो गया कि मृतका बरखा वासनिक की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके पति शीशपाल वासनिक ने ही अपने दोस्त के साथ मिलकर की थी।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः** 22 मार्च 2025 को शाम करीब 4:15 बजे मानपुर रोड स्थित बजरंग बली मंदिर के पास एक स्कूटी दुर्घटना की सूचना मिली थी। स्कूटी पर दो महिलाएं सवार थीं — बरखा वासनिक और ▶▶| शेष पेज 12 पर

### हत्या की साजिश और षड्यंत्र का खुलासा

पूछताछ में शीशपाल वासनिक के दोस्त कयामुद्दीन ने स्वीकार किया कि वह इस हत्या में शामिल था और 60,000 में इस वारदात को अंजाम देने के लिए तैयार हुआ था। शीशपाल, जो विद्युत विभाग में सहायक अभियंता के पद पर पदस्थ है, ने पूरी योजना पहले से बना रखी थी। उसने अपने मोबाइल को दुर्ग में ही छोड़ दिया था और कार्यालय के स्वीपर को मोबाइल नंबरों की एक सूची देकर अलग-अलग समय पर कॉल करने के निर्देश दिए थे ताकि उसकी लोकेशन दुर्ग में ही दिखे। हत्या से एक दिन पहले दोनों आरोपी बोलेरो से शेरपार हाई स्कूल पहुँचे और घटना स्थल की रेकी की। घटना के दिन जैसे ही बरखा स्कूल से निकली और स्कूटी से घर लौट रही थी, आरोपी बोलेरो लेकर पीछे-पीछे चल रहे थे। जैसे ही स्कूटी ने बोलेरो को ओवरटेक किया, मोड़ पर स्कूटी को पीछे से टक्कर मारी गई। बरखा और उसकी साथी स्कूटी से गिर पड़ीं। इसके बाद शीशपाल ने लोहे की रॉड से पत्नी के सिर और पीठ पर कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

# पूजा कर नवीन कार्यालय में जिपं अध्यक्ष ने किया प्रवेश



हरिभूमि न्यूज:बालोद

बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने आज अपने नवीन कार्यालय मे विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यालय प्रवेश किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे जिला पंचायत सदस्य, विभिन्न जनपदो के अध्यक्ष एवं सरपंच, भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यालय प्रवेश कार्यक्रम मे पहुंचे राष्ट्रीय बाल सरंक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने कहा आज हम सब की जिम्मेदारी बढ़ गई है हमे अपने लिए नही आम जनता के हित के लिए कार्य करना है, शासन की योजनाओ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओ से वंचित न रहे। हमे अपनी नही जनता की चिंता करनी है। जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा हम सब मिलकर जिले को विकसिक जिला बनाएंगे जिले मे कोई भी पात्र व्यक्ति ऐसा न रहे जो शासन की योजनाओ से वंचित न रहे। हम सबको अपने गांव से विकसिक गांव, पंचायत, जिला बनाना है, जब हमारा जिला विकसित होगा तब प्रदेश भी विकसित होगा।

गांव मे विकास कार्य की गति तेजी करनी है, अपने अपने गांव मे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड सहित सभी योजनाओ के पात्र हितग्राहीयो को चिन्हांकित कर उन्हे शासन ही योजनाओ से लाभांन्वित करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। कार्यक्रम मे जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, यज्ञदत्त शर्मा सहित बड़ी संख्या मे भाजपा के कार्यकर्ता, जनपद सदस्य, सरपंच उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने किया।

# मुआवजा देने सीएम को विधायक ने लिखी चिट्ठी

**गुरूर।** असमय बारिश से क्षति हुए रबी फसलो का आकलन कर प्रभावित किसानो को मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग करते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पत्र लिखा है। पत्र मे विधायक संगीता सिन्हा ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र के साथ ही पूरे प्रदेश मे माह मई 2025 मे हर दूसरे, तीसरे दिन हो रहे बेमौसम बारिश से किसानो द्वारा रबी फसल के रूप मे बोये गए धान, मूंग, उड़द, मसूर एवं अन्य दलहनी–तिलहनी फसलो को अत्याधिक क्षति हुई है। जिसके कारण प्रदेश के किसानो को अत्याधिक आर्थिक नुकसान हुआ है। कृशकहित को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से उक्त क्षति का आकलन करवा कर प्रभावित किसानो को मुआवजा राशि प्रदान किया जाना अत्यंत आव"यक है। इसलिए बेमौसम बारिश से मेरे विधानसभा क्षेत्र के साथ ही संपूर्ण प्रदेश के प्रभावित ग्रामो मे क्षतिग्रस्त रबी फसलो का आकलन करवा कर कृशको को उचित मुआवजा राशि प्रदान किया जावे।



# युवा शिविर में स्थूल, सूक्ष्म व कारण शरीर की दी जानकारी





**बालोद।** गायत्री शक्तिपीठ बालोद में चल रहे व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर के चौथे दिन प्रातः जागरण, प्रार्थना, नित्यकर्म से प्रारंभ हुआ, जहां गुरुकुल विद्यापीठ स्कूल में व्यायाम, अनेक योगासन, 8 प्रकार के प्राणायाम तथा 10 मिनट का स्थूल शरीर सूक्ष्म शरीर और कारण शरीर से संबंधित ध्यान वीरेंद्र साहू शिक्षक लोहारा ने 20 बच्चो को सिखाया गया। संस्कारों का विज्ञान विषय के अंतर्गत शास्त्र पुराणों में बताए गए 16 संस्कार के बारे में बताते हुए विज्ञान से जोड़कर युवाओं को मिलन सिन्हा व्याख्याता तथा भारतीय संस्—ति जान के जिला प्रभारी मिलन सिन्हा ने विस्तार से समझाया। बाल संस्कार के आचार्यों का प्रशिक्षण मे रेणुका साहू, वीरेंद्र, दुष्यंत कुमार कोलियर तथा जिला प्रशिक्षक मिलन सिन्हा ने अलग अलग बिंदुओं पर विस्तार से समझाया, युग निर्माण योजना के कार्य उद्देश्य और सप्त आंदोलन को प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से समझाया गया।

इन विषयों के बीच में लोहारा के संगीतकार ने प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किया गया। वही शुक्रवार को शिविर समापन के कार्यक्रम में बालोद विधायक संगीता सिंह तथा अन्य सामाजिक प्रतिनिधि आएगे, व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर के प्रशिक्षक टोली की भी बिदाई सम्मान भी किया जाएगा।

शिविर 2 जून तक रहेगा जारी

# एडवेंचर कैंप पचमढ़ी के लिए स्काउट-गाइड टीम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



व्यक्तित्व विकास आपदा प्रबंधन शिविर एडवेंचर कैम्प पचमढ़ी (मध्यप्रदेश) हेतु बालोद जिले के स्काउट गाइड रवाना हुए।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी में व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन 29 मई से 02 जून तक आयोजित किया गया है। जिसमें बालोद जिला के स्काउट गाइड पचमढ़ी में आयोजित शिविर मे राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य आयुक्त रेंजर प्रतिमा ठाकरे झा, राज्य सचिव कैलाश सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त पीसी मरकले, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी गाईड प्रेमलता चंद्राकर, डीओसी स्काउट नेम सिंह साहू के निर्देशन में बालोद जिला से 09 स्काउट, 09 गाइड, 01 स्काउटर, 01 गाइडर भागीदारी करेंगे। जिला सचिव ने बताया कि वर्तमान में प्रकृति में संतुलन बिगड़ने से ही आपदा आती है, हम सभी आपदाओं से कैसे हम अपनी तथा जन सामान्य की सुरक्षा कैसे कर सकते है, इस पर सभी प्रशिक्षण लेकर आयेंगे, जिससे बालोद जिला को उसका भविष्य में लाभ मिलेगा। इस अवसर पर शिविर हेतु जिला प्रभारी नेमीचंद बढ़ाई, चंद्रलेखा ठाकुर, विकासखंड सचिव मनी राम साहू, रूपेन्द्र सिन्हा, चंद्रशेखर दिल्लीवार, सेवा राम प्रेमन, छगन बसोर, स्काउटर लुकेश्वर साहू, मिडिया प्रभारी मिलन सिन्हा सहित पालकगण उपस्थित थे।

शिविर हेतु जिला संघ बालोद के डीटीसी भुवन सिन्हा, सीमा साहू, सत्यवान पिपरिया, मिलन सिंह सिन्हा, छगन बंछोर, मधुमाला कौशल, लिलीपुष्पा एक्का, घनेश्वरी साहू, तनुजा बंजारे, नोम साहू ने हर्श व्यक्त किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच को करेंगे पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। जिसके प्रति जागरूक करने के लिए पर्यावरण प्रेमी जिले के विभिन्न जगहो मे जाकर लोगो को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के साथ पौधारोपण के साथ वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक समाप्त करने के लिए छोटे छोटे प्रयास करने की अपील करते दिख रहे है।

उन्हेने बताया कि वर्तमान मे चेतावनी दी जा रही है कि पृथ्वी का सेहत धीरे धीरे गिरता जा रहा है, धीमा उपचार चल रहा है, एक जुट होकर प्रयास की जरूरत है, नदिया धीरे धीरे मर रही, प्रदूषण के कारण लाखों टन प्लास्टिक समुद्र मे जा रहा है, नदियों में माइक्रो प्लास्टिक के अंश मिल रहे है जो मछलियों से होते हुए है, हमारे शरीर मे पहुंच रहे है हमने अगले पीढ़ियों के जीवन भी खतरे में डाल दिया, खुद हमें बदलाव लाना होगा, प्रकृति के अनुकूल हमें जीवन जीना होगा, यहीं धरती की असली कुंजी है, वैज्ञानिक कहते है प्रदूषण, जंगलों की कटाई, औद्योगिकरण, पर लगाम नहीं लगेगा यो यह ग्रह इंसानों के रहने लायक नहीं बचेगा।



## खबर संक्षेप

### सोसाइटियों में खाद एवं बीज की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराएं - डॉ उमरे

दुर्ग। पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने दुर्ग जिले के सहकारी सोसाइटियों में खाद एवं धान के बीज की किल्लत से किसानों को हो रही परेशानियों पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग कलेक्टर अभिजीत सिंह से किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने बताया कि इस वर्ष मानसून समय पूर्व दस्तक दे रहा है। किसान खेती के कामों में जुटे हुए है लेकिन किसानों को सोसायटी से खाद बीज व अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सोसायटियों की ओर से खरीफ वर्ष के लिए किसानों को खाद और बीज न्यूनतम दाम पर उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन फिलहाल सोसायटियां आपूर्ति करने में सक्षम नहीं हो पा रही हैं। जिस अनुपात में किसानों को उसकी जरूरत होती है उस अनुपात में उन्हें इसकी सप्लाई सोसाइटियों के माध्यम से नहीं मिल पा रही है। ऐसे में जिले के किसान भटक रहे हैं। देरी की वजह से किसान मजबूरी में बाजार से महंगे दामों में खाद एवं बीज लेने को मजबूर हो गए हैं। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कलेक्टर से मांग किया है कि दुर्ग जिले की सोसाइटीयों में खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं ताकि किसानों से हो रही लूट को रोका जा सके।

### कर्मचारी संघ के रोहित बने अध्यक्ष



दुर्ग। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ दुर्ग के अध्यक्ष पद का निर्वाचन हुआ। निर्वाचन में रोहित वर्मा सहायक लेखापाल एवं पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर दो उम्मीदवार द्वारा नामांकन भरा गया। कुल 474 मतदाताओं में से 434 कर्मचारियों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से 322 मत रोहित वर्मा को एवं 111 वोट लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर को प्राप्त हुए। इस प्रकार रोहित वर्मा ने 211 मतों से पूर्व यूनियन अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर पर जीत दर्ज की। रोहित वर्मा के जीत से कर्मचारियों में उत्साह का महौल दिखा। निर्वाचन कार्य बुद्धदेव सिंह, विनोद सेवानिवृत पर्यवेक्षक एवं उनके टीम द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर रोहित आलेन्द्र, चिन्ताराम रावटे, राजेन्द्र वारे, धीरेन्द्र देवांगन, तोषण देशमुख, भूपेश तिवारी, दीपक शर्मा, समीर अग्रवाल, रवि वर्मा, रीना साहू, कैलाश गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी शामिल थे।

### मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

दुर्ग। दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ब्रह्मणपारा सण्डी तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी शशांक तिवारी की विगत 22 मार्च 2020 को अथगढ़ जिला कटक उड़ीसा में कपड़े साफ करते समय कुआं में पैर फिसलने पर पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व शशांक तिवारी की पत्नी श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# वित्त की राशि को लेकर जनपद की सामान्य सभा में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पन्द्रवें वित्त आयोग की राशि को लेकर जनपद के सामान्य सभा में जमकर बवाल मचा रहा। भाजपा जनपद सदस्य आपस में राशि बांटने को लेकर अडे रहे, वहीं कांग्रेस सदस्यों ने पूरजोर इसका विरोध किया। उनका कहना था कि, यह राशि विकास के लिए और जनता के हित के लिए है। इसलिए सभी चौबीस जनपद सदस्यों को राशि जारी किया जाए। इस मसले को लेकर जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी सहित अन्य सदस्य कुर्सी छोड जमीन पर बैठ गए थे।

जानकारी अनुसार वर्ष 2024-25 के वित्त की राशि करीब 72 लाख रूपए जारी किया गया है। इस राशि के अनुमोदन के लिए सामान्य सभा का आयोजन किया गया था। इस बीच राशि जारी किए जाने की बात पहले उठी। जिस पर भाजपा के तेरह सदस्य कांग्रेस के 11 सदस्यों के राशि वितरण से अलग करने लगे थे, विरोध में कांग्रेस सदस्य आक्रोशित हो गए। उनका कहना था कि, वित्त की राशि सभी जनपदों में बराबर बंटना चाहिए। राकेश हिरवानी जप उपाध्यक्ष के नेतृत्व में आधा दर्जन से ज्यादा सदस्य सदन में अध्यक्ष के सामने जमीन पर बैठ गए। कांग्रेस का आरोप था कि, सत्तासीन दल से जुड़े सदस्य आपस में 15वीं वित्त की राशि को बांटना चाहते हैं। जिस पर विपक्षी सदस्य नाराज हो गए। जनपद सदस्यों की संख्या 24 है, जिसमें सत्ताधारी दल के पास 13 और विपक्ष में 11 सदस्य हैं। 13 सदस्य 15 वित्त की राशि को आपस में बांटना चाहते हैं।

**कांग्रेस सदस्यों ने जताई नाराजगी, उपाध्यक्ष सहित अन्य सदस्य जमीन पर बैठे**

#### सीईओ के निवेदन पर भी नही माने

सामान्य सभा के बैठक के बीच कांग्रेस सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच 15 वित्त की राशि को जनसंख्या के आधार पर नहीं बांटे जाने का आरोप उपाध्यक्ष हिरवानी ने लगाया, वहीं इसके समर्थन में आधा दर्जन सदस्यों ने भी जमीन पर बैठ गए। इस पर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेश पांडे जनपद सदस्यों से निवेदन करते रहे कि, माननीय सदस्य अपनी कुर्सी में बैठे। लेकिन सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। नाराज सदस्यों ने जमकर बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सभा से निकले।



#### बहुमत के आधार पर

सामान्य सभा में करीब 72 लाख रूपए के प्रस्ताव के अनुमोदन को लेकर सामान्य सभा बुलाया गया था। नियमत: बहुमत के आधार पर राशि की स्वीकृति दी गई है। **-रूपेश पांडेय,** सीईओ जनपद दुर्ग

#### कुछ सदस्यों से ही मांगे गए थे प्रस्ताव

सामान्य सभा में कांग्रेस के सदस्यों ने आरोप लगाया कि, संचाल संकर्म समिति के पास भाजपा के चहेते सदस्यों का ही प्रस्ताव मंगाया गया था। सिर्फ उन्ही तेरह भाजपा सदस्यों के लिए राशि जारी कर दी गई। कांग्रेस सदस्यों ने बताया कि, उन्हें प्रस्ताव मांगने की जानकारी ही नही दी गई। अफसरों ने बताया कि, वर्ष 2024-25 की यह राशि जारी हो गई थी। लेकिन पंचायत चुनाव के चलते आचार संहिता के कारण राशि वितरित नही की गई, जिसे लेकर सामान्य सभा का आयोजन किया गया था।

## आंदोलन : डेढ़ हजार सफाई कर्मी सड़क पर उतरे, कहा श्रमिकों का कर रहे शोषण

# निगम से संगठन तक मचा बवाल, श्रमिकों ने कहा वेतन में कटौती नहीं करेंगे बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगरनिगम के सफाई कर्मियों का मुद्दा अब सडक तक पहुंच गया है। बुधवार को हजारों की संख्या में कर्मचारी सडक पर उतर गए और उन्होने नगरनिगम का घेराव भी कर दिया। बेहद आक्रमक तरीके से किया गया यह प्रदर्शन अब जिला भाजपा संगठन तक पहुंच गया है। श्रमिको के प्रदर्शन के बाद जिला भाजपा कार्यालय में करीब तीन घंटे तक बैठक चली। इधर सफाई कर्मियों ने कहा है कि, आठ हजार के जगह उन्हें सिर्फ छः हजार वेतन दिया जा रहा है। जिससे वे बेहद खपा है, कई श्रमिको को अभी भी वेतन नही मिला है।

बुधवार को राजेन्द्र पार्क से हजारों की संख्या में सफाई कर्मी एकत्रित हुए। मिशन क्लीन सिटी के साथ ही प्लेसमेंट के भी सफाई कर्मियों ने एकजूटता दिखाकर एक साथ सडक पर उतर गए। श्रमिको की लंबी रैली देख नगरनिगम के गेट के सामने पुलिस जवानों की भी तैनाती की गई थी। गेट के सामने श्रमिक निगम प्रशासन से पूरी वेतन की राशि देने की मांग कर रहे थे, लेकिन इस दौरान जिम्मेदार अधिकारी सामने नही आए। श्रमिको के बैठक के बाद दोपहर को भाजपा कार्यालय में तीन घंटे तक बैठक चली। इस बैठक में ऐसी उम्मीद जताई जा रही थी, कि श्रमिको को मुद्दे को लेकर रास्ता निकल जाएगा। लेकिन बैठक बेनजीता रहा। इस बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर अल्का बाघमार सहित चालीस भाजपा पार्षदों की बैठक आहुत की गई थी।

**शहर में सफाई का बुरा हाल, शहरवासियों का भी फूट रहा गुस्सा**



#### कांग्रेसियों ने कर्मियों का दिया समर्थन

सफाई कर्मियों की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं ने समर्थन दिया है। पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा नगर पालिक निगम, दुर्ग के सफाई कर्मियों की हड़ताल ने शहर की सफाई व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया है। बीते सात दिनों से प्लेसमेंट और मिशन क्लीन सिटी वर्कर अपनी ज्वलंत मांगों को लेकर निगम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं। अब पूरे दुर्ग शहर में चरमराई हुई सफाई व्यवस्था से जनता परेशान है, लेकिन निगम प्रशासन अब तक मौन है। पूर्व मेयर ने कहा महापौर को सामने आकर समस्या सुननी चाहिए, जनप्रतिनिधि को इस तरह भागने और गैरजिम्मेदार कार्य शोभा नही देता। इस दौरान पूर्व सभापति राजेश यादव, प्रेमलता साहू, संजय कोहिले, बिजेन्द्र पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

#### रोज कर्मी कर रहे घेराव, जिम्मेदारी मौन

पिछले सात दिनों से सफाई कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है। मिशन क्लीन सिटी के 582 और प्लेसमेंट के एक हजार से अधिक कर्मियों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। ननि में रोज सफाई कर्मी आंदोलन कर रहे है। कर्मियों का यही सवाल हैं कि, ननि उन्हें हर माह आठ हजार देती रही है, लेकिन अप्रैल से ठेका बताकर उनके खाते से दो-दो हजार कांट लिया जा रहा है। इधर महापौर का बयान जारी हुआ है। जिसमें उनका कहना है कि, कर्मी बैठकर बात नहीं करना चाहते है।

#### विधायक से भाजपा पार्षदों ने लगाई गुहार

ऐसी जानकारी मिली हैं कि, भाजपा के दो दर्जन से अधिक पार्षद श्रमिको की समस्या को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव से हस्तक्षेप करने की मांग करने पहुंचे थे। लेकिन इस मसले को विधायक ने जिला भाजपा संगठन के पाले में डाल दिया। जिसके बाद दोपहर तीन घंटे विधायक और महापौर सहित जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक की मौजूदगी में बैठक चली। लेकिन बैठक सिर्फ चर्चा तक सिमटकर रह गई।

#### चहेतों को अधिकृत किए जाने का आरोप

हांलाकि इस बैठक में पार्षदों ने कई आरोप भी लगाए है। जिसमें महापौर और आयुक्त द्वारा फोन नही उठाने की शिकायत संगठन से की गई। वही चालीस पार्षदों में सिर्फ चार को ही अधिकृत किए जाने तक की बात नाराज पार्षदों ने कह दी। उनका कहना था कि, महापौर सिर्फ कुछ ही पार्षदों से चर्चा करती है। महापौर का निरिक्षण तक की जानकारी उन्हें नही मिल पाती हैं। इस तरह बैठक में मेयर के कार्य को लेकर पार्षदों ने जमकर नाराजगी जताई।

#### अनुबंध की शर्त भी सार्वजनिक नहीं

नगर निगम ने पार्षदों की जानकारी के बगैर गुपचुप तरीके से सफाई ठेका दे दिया गया है। इस ठेके का परिणाम यह है कि, पहले ही माह में ठेकेदार वेतन में कैंची चला दी है। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि, आखिर किस अनुबंध के तहत ठेका दिया गया है। कम से कम इसे निगम प्रशासन को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इसकी जानकारी सफाई कर्मियों से क्यों छुपाई जा रही है।

#### आयुक्त को पूर्व एल्डरमेन ने की हटाने की मांग

नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से दुर्ग नगर निगम के आयुक्त सुमित अग्रवाल को दुर्ग नगर निगम के आयुक्त पद से हटाकर की मांग किया है तथा दुर्ग नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की मांग पूरी कर हड़ताल को समाप्त करने हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। डॉ. प्रतीक उमरे ने कहा आयुक्त की अपरिपक्व कार्यशैली की वजह से शहर के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है। हड़ताल खत्म करने आयुक्त द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया और ना ही समय पर उन्हें वेतन का भुगतान किया गया। जिसका खामियाजा पुरे दुर्ग शहर की जनता को भुगतान पड़ रहा है।

### नहीं मिल रही राहत, करोड़ों की पानी टंकी बनी सिर्फ शो-पीस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के अंडा अंतर्गत तिरगा (झोला भोथली) में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से एक जल जीवन मिशन के तहत गांव के सभी घरों में पानी पहुंचाए जाने के लिए पानी टंकी व नल कनेक्शन का निर्माण किया गया है, लेकिन हकीकत में इस योजना से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। यह ग्राम पंचायत तिरगा झोलाभोथली में देखा जा सकता है।

- पाईप लाइन का अधूरा निर्माण टंकी सीपेज की शिकायत

यहां करोड़ों की लागत से पानी टंकी का निर्माण कर तो दिया गया है, लेकिन आम लोगों को पानी अभी तक नसीब नहीं हो सका है। ग्रामवासी का कहना है कि, अगले 3 वर्ष पूर्व पानी टंकी बनाया गया है। लेकिन आज तक इसमें पानी नहीं भरा गया है और ना ही ग्रामीणों को एक भी बून्द पानी मिला है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया हैं कि, आखिर क्या कारण है, जों हमें पानी नहीं मिला रहा है। यहां 3 वर्ष से टंकी बनकर खडा है। वही उपयोग नही होने से यह जर्जर स्थिति में होने लगी है। लेकिन आज तक पानी चालू नहीं किया गया है।

#### पूरा सीजन पेयजल के लिए रहे परेशान, तालाब भी सूखा

ग्रामीणों ने बताया कि, गांव के लोग गर्मी में पेयजल के लिए परेशान रहे। गांव में जलस्तर गिरने से तालाब सूख गया, वही बोरवेल्स से भी पानी कम आने लगा हैं। इसके बाद भी करोडो रूपए की लागत से बनाया गया टंकी कोई काम नही आया। जिसे लेकर ग्रामीणों में बेहद नाराजगी सामने आ रही है। ग्रामीणों ने कहा आखिर क्या कारण है कि, प्रधानमंत्री द्वारा करोड़ों कि लागत सें हर घर जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है और एक तरफ ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे है।

# सिटी क्लब में तैयार हो रहा स्वीमिंग पूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

स्टेशन रोड स्थित सिटी क्लब में अत्याधुनिक स्विमिंग पुल का निर्माण किया जा रहा है। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से स्वीकृति होने के बाद शुरू हुए निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। मॉर्निंग विजिट में विधायक गजेन्द्र यादव खिलाड़ियों के साथ कोर्ट निर्माण के सभी पहलुओं को जायजा लेते रहते है। इंजिनियर ने बताया कि, बेस कार्य पूरा कर लिया गया है। ड्राइंग डिज़ाइन के मुताबिक गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, यह स्विमिंग पुल शहर में खेल प्रेमियों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। कार्य में संलग्न इंजीनियरों को कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। विधायक ने कहा रविशंकर स्टेडियम के पास इंडोर बैडमिंटन कोर्ट भी तैयार हो रहा है। जिसका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, शीघ्र ही बेस और फिनिशिंग पूरा होते ही लोकार्पण किया जायेगा। आरईएस के एसडीओ सीके सोने ने बताया कि, स्विमिंग पुल का काम भी प्रारंभ हो चुका है। स्टेशन रोड स्थित सिटी क्लब में लगभग 7900 स्क्वायर फिट में पुल बनने के साथ ही चेंजिंग रूम, कैंटीन और फूलों से सुसज्जित गार्डन से अच्छा वातावरण मिलेगा। स्टेशन रोड गायत्री मंदिर वार्ड 25 में दुर्ग शहर बनने वाला यह पहला अत्याधुनिक स्विमिंग पुल पूरी तरह से इंडोर होगा। जिसमे बारिश व धूल से बचाने पूरा एरिया रौशनी से पारदर्शी शेड रहेगा।

- जल्द ही शहरवासियों को मिलेगी सौगात



#### जल्द बनकर तैयार होगा बैडमिंटन कोर्ट

विधायक ने कहा कि, रविशंकर स्टेडियम के पास डेढ़ करोड़ की लागत से लगभग 13500 स्क्वायर फिट पर बन रहे इंडोर परिसर में एक साथ तीन बैडमिंटन कोर्ट रहेगा। दर्शक दीर्घा में 50 लोगों के बैठने के लिए सिटिंग एरिया होगा। वुडन फ्लोर के साथ एलईडी लाइटस होंगी, जिससे सुबह व रात में भी बैडमिंटन खेल सकेंगे। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है जल्द ही दुर्ग की जनता को इसकी सौगात मिल जाएगी।

### छ.ग.मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा आज से

दुर्ग। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा मई से प्रारंभ होगी। बोर्ड द्वारा आयोजित यह परीक्षा 12 जून तक जारी रहेगी। परीक्षा का समय प्रातः नौ बजे से 12 बजे तक निर्धारित है। बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद ने बताया है कि राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश मीडियम स्कूल फरीद नगर कोहका भिलाई शामिल हैं। हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के अंतर्गत 29 मई को गणित, 31 मई को सामाजिक विज्ञान, 02 जून को सामान्य अंग्रेजी, सामान्य संस्कृत, 04 जून को सामान्य हिन्दी, 05 जून को विशिष्ट उर्दू एवं 10 जून को विज्ञान के प्रश्न-पत्र होंगे। हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के तहत 29 मई को रसायन,लेखा शास्त्र , इतिहास, 31 मई को व्यवसाय अध्ययन, गणित/जीव विज्ञान, भूगोल, 02 जून को अर्थ शास्त्र, भौतिकी, 04 जून को विशिष्ट उर्दू, 05 जून को सामान्य अंग्रेजी/सामान्य हिन्दी, 10 जून को राजनीति शास्त्र एवं 12 जून को समाज शास्त्र के पर्चे होंगे।

### शुभ्रकान्त एथिक्स एंड इंटिग्रिटी राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित

दुर्ग। द इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ वैल्युअर्स पुणे महाराष्ट्र में आयोजित सेमिनार एवं अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के इंजीनियर शुभ्रकान्त ताम्रकार एथिक्स एंड इंटिग्रिटी अवॉर्ड से सम्मानित हुए। राष्ट्रीय स्तर का यह अवॉर्ड इंस्टीट्यूशन के फाउंडर डॉ अमीन शेख एवं चार्टर्ड वैल्युअर्स सुनील गंजाले द्वारा प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि पूरे देश में संपति वैल्यूएशन के क्षेत्र में कार्यरत सभी संस्थानों को सरकारी गाईडलाइन के अनुरूप कार्य करने की बाध्यता रहती है। समय-समय पर उनकी कार्यशैली एवं कार्यों की गुणवत्ता के लिए इंस्टीट्यूशन्स द्वारा सेमिनार के माध्यम से दिशा-निर्देश दिया जाता है और कार्यों का मूल्यांकन भी किया जाता है। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के 150 वैल्युअर्स आमंत्रित थे जिसमें से चिन्हित 10 लोगों को पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ से भिलाई के सिविल टेक्निकल सॉल्यूशंस एवं सिविल इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर इंजी. शुभ्रकान्त ताम्रकार को उनके उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए सम्मानित किया गया। इंजी. शुभ्रकान्त छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के दुर्ग जिला युवा अध्यक्ष हैं। उनकी उपलब्धि पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, संयोजक ब्रह्मदेव पटेल, उपाध्यक्ष संतकुमार केसकर, घनश्याम देवांगन, अनुरूप साहू, लखन साहू, कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष भानुप्रताप यादव, जीवन सिन्हा, चंदू लाल मरकाम, प्रदेश सांस्कृतिक प्रभारी कृष्णकुमार पाटिल आदि ने बधाई दी है। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ डी पी देशमुख ने दी।

## पेज 11 के शेष

#### युक्तियुक्तकरण के विरोध में रैली ...

लिए मूल रूप से बनाया गया है। फिर शिक्षा विभाग सेटअप 2008 से हटकर शिक्षा के अधिकार कानून की व्याख्या करने पर आमादा क्यो है, छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग द्वारा अधिकृत और स्वीकृत सेटअप 2008 के अनुसार ही पूरे प्रदेश के शिक्षा विभाग और शिक्षकों का पद स्वीकृत किया गया है एवं वेतन आहरण किया जा रहा है इसके आधार पर ही वित्तीय व्यवस्था संचालित की जा रही है फिर भी शिक्षा विभाग युक्तियुक्तकरण के मामले में सेटअप को दरकिनार कर केवल और केवल शिक्षा के अधिकार कानून की आड़ में प्रदेश भर के प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षकों के एक–एक पद कम करने का प्रयास कर रहा है। 43839 प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओ में 1 – 1 पद सेटअप 2008 से कम कर समाप्त किया जा रहा है, यह प्रयास सफल नहीं होने दिया जाएगा क्योंकि सेटअप छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग और शिक्षा विभाग के कर्मचारी व शिक्षकों के लिए बनाया गया है उसी सेटअप के आधार पर ही पदस्थापना की गई है उसे अब किनारे करते हुए जानबूझकर शिक्षकों को अतिशेष घोषित किया जा रहा है।

#### 2008 के अनुसार ...

साहू, सूरज गोपाल गंगबेर, राजेन्द्र देशमुख, अविनाश साहू, सुरेश बंजारे, केशव राम साहू, जालम सिंह नेताम, धीराजी राम पटेल, दुष्यंत कुमार साहू, लालेश्वर सिंन्हा, रामदास साहू, रिखीराम ध्रुव, राजेंद्र देशमुख, पूरन भेजने, नारायणी ठाकुर, डुलू राम ठाकुर, दुर्वासा निषाद, अविनाश साहू, बृजमोहन दास मानिकपुरी, यज्ञ कुमार देवांगन, देवेंद्र साहू, खेमलाल साहू, मनीष शाह पैकरा, सुंदरलाल साहू, मनोज ठाकुर, वेद प्रकाश बघेल, धर्मेंद्र सोनी, माधव साहू, विष्णु सूर्यवंशी, खम्हन लाल ग्वाल, अशोक कुमार गहेल, संदीप साहू, कामेश्वर सिन्हा, ठाकुर राम साहू, दयाराम चुरेन्द्र, लाल रघुवीर सिंह, डुलू राम ठाकुर, दुर्वासा निषाद, रूपेश कश्यप, लोचन देशमुख, दुलार कौशिक सहित सभी विकास खंड के शिक्षक शामिल थे।

#### शिक्षकों के 53000...

है, प्राथमिक शाला में 5 कमरे के साथ 2, 3 अतिरिक्त कक्ष बना हुआ है, जहाँ 1 से 5 तक सभी कक्षा पृथक पृथक बैठाया जाता है, इसीलिए न्यून्तनम छात्र संख्या पर 12 तीन शिक्षक सेटअप में प्रदत्त है। इसके अलावा शासकीय शालाओं में शिक्षकों की तैनाती कम करके शासकीय शाला को कमजोर करते हुए निजी शालाओं को लाभ देने का प्रयास है। शिक्षा विभाग के शिक्षकों से अन्य विभाग के कार्य क्यों कराया जा रहा हैं, वर्ष भर 127 अलग अलग गैर शैक्षणिक कार्य अन्य विभागों के कराये जाते है, शिक्षकों के मूल कार्य शिक्षण से वंचित कर अन्यत्र संलन किया जाता है, इससे ही गुणवत्ता प्रभावित होती है।

#### चिखलाकसा में महिला की ...

मथुरा मंडावी। मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने दोनों को शासकीय अस्पताल चिखलाकसा पहुँचाया, जहाँ बरखा वासनिक को मृत घोषित कर दिया गया और मथुरा मंडावी घायल अवस्था में पाई गई। प्रारंभिक जांच में यह एक सड़क दुर्घटना लग रही थी, लेकिन जब आसपास के स्कूल के बच्चों ने बताया कि एक सफेद बोलेरो सवार व्यक्ति स्कूल छूटने के समय और बरखा वासनिक के बारे में पूछताछ कर रहा था, तो शक की सुई पति शीशपाल वासनिक की ओर घूम गई। तकनीकी विश्लेषण में आरोपी का मोबाइल लोकेशन लगातार दुर्ग में ही दिख रहा था, जिससे पुलिस को गहरी साजिश की आशंका हुई।

**सबूत और जब्ती**: पुलिस ने आरोपियों के पास से हत्या में उपयोग की गई बोलेरो, लोहे की रॉड, मोबाइल, कॉलिंग सूची और यूट्यूब सर्च हिस्ट्री समेत अन्य तकनीकी साक्ष्य जब्त कर लिए हैं। मोबाइल में कई क्राइम स्टोरी और पुलिस जांच से बचने के तरीके से जुड़े वीडियो देखे गए थे, जिससे पता चलता है कि हत्या की योजना कैसे बनाई गई थी।

दल्लीराजहरा पुलिस अधीक्षक डॉक्टर चित्रा वर्मा ने बताया कि

नशा, कलह और अलगाव बनी हत्या की वजह

बरखा और शीशपाल की शादी 2016 में हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। शादी के बाद से ही उनके बीच विवाद होते रहे, और शीशपाल अक्सर मारपीट करता था। बरखा अधिकतर मायके में बच्चों के साथ रहती थी और वापस पति के पास नहीं जाना चाहती थी। इस अलगाव और घरेलू कलह से आहत होकर शीशपाल ने हत्या की यह घातक योजना रची। यह मामला एक बार फिर यह साबित करता है कि घरेलू हिंसा किस हद तक जानलेवा हो सकती है। पुलिस की सूझबूझ, तकनीकी विश्लेषण और सघन पूछताछ से साजिश का पर्दाफाश हो सका। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# देश को विकसित भारत बनाने एक राष्ट्र एक चुनाव समय की मांग: शिव रतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

कला मंदिर सिविक सेंटर में एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा, सांसद विजय बघेल, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, ग्रामीम विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। शर्मा ने कहा कि बार बार चुनाव देश के विकास में तो बाधक होते ही हैं, साथ ही देश की अर्थ व्यवस्था को भी कमजोर करते हैं।

एक देश एक चुनाव से लगभग 5 लाख करोड़ का व्यय बचाया जा सकता है, जो जीडीपी बढ़ाने में सहायक होगा। विजय बघेल ने कहा कि एक चुनाव लोकतंत्र को मजबूत करेगा, बार बार चुनाव से शासकीय कर्मचारियों के अनुपस्थिति की वजह से शासकीय कार्य मे निरंतरता नही रहती। कार्यक्रम चेंबर ऑफ कामर्स और एमएसएमई उद्योग केंद्र के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ, सिंधी समाज सहित अन्य सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्य रूप से अजय भसीन, प्रमोद सिंह, अरविंदर खुराना, प्रभंजय चतुर्वेदी, उषा बारले, दया सिंह, सीए श्रीचंद लेखवानी, जेपी गुप्ता, नरसिंग कुकरेजा आदि मौजूद थे।



# नवतपा में बारिश का एहसास, नन्हें खिलाड़ियों से गुलजार हुआ स्टेडियम

## फुटबाल और बास्केट बाल मैच का पचासों बच्चे उठा रहे रोमांचक लुत्फ, पालक भी ले रहे मजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

इन दिनों नवतपा के दौर में बैमौसम बदली बारिश से शहर का मौसम खुशनुमा हो गया है। हर साल शाम को नवतपा की गर्म हवा की जगह सर्द माहौल ने खाली खाली दिखने वाले खेल मैदानों और स्टेडियम को भी गुलजार कर दिया है। गर्मी के दिनों में पचासों नन्हे खिलाड़ी बारिश में खेले जाने वाले फुटबाल गेम का लुत्फ उठा रहे हैं।

पिछले दस पंद्रह दिनों से बदली पानी के मौसम से शहरवासियों को गर्मी से राहत मिली है। नवतपा में सामान्यतया शाम को गर्म हवा चलती थी। लेकिन इन दिनों ठंडे मौसम स्टेडियम की भी





रौनक बढ़ा दी है। सेक्टर दो स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में बड़ी तदाद में फुटबाल और बास्केट बाल खेलते बच्चे बड़े के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कोच और पैरेंट्स बच्चों का उत्साह और खुशी देख खासे खुश हैं। दो भागों में बंटा पूरा स्टेडियम नन्हें खिलाड़ियों से गुलजार है। पचासों नन्हे मुन्ने खिलाड़ी अनुकूल मौसम का पूरा लुत्फ उठाते हुए बकायदा रंगबिरंगी जर्सी पहने हुए दो टीमों में बटकर फुटबाल मैच खेल रहे हैं। सब जूनियर टीम की तरह रोमांचक मैच के अनुभव से बच्चों का हौसला जूनियर और फिर बड़े होकर सीनियर मैच खेलने का है। फ्लड लाइट में मैच की प्रेक्टिश कर रहे नन्हे खिलाड़ियों की पासिंग, किक और सेंटर फारवर्ड डिफेंस सभी कुछ रोमांचक है। नजारा बिल्कुल आईपीएल की झलक की तरह है। बच्चों बताते हैं कि हल्की बारिश और ठंड मौसम का फायदा उठाते हुए फुटबाल मैच का अभ्यास करते हुए बिल्कुल बरसात के अभ्यास का एहसास हो रहा है। स्टेडियम के दूसरे हिस्से में यानी बास्केट स्टेडियम में भी बिल्कुल इसी तरह का नजारा है। यहां भी छोटे छोटे बच्चे फ्लड लाइट में बास्केट बाल गेम का रोमांचक अभ्यास कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### क्रूड स्टील उत्पादन व प्राफिट आफ टैक्स में फिर पिछड़ा सेल

**भिलाई।** स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड सेल वर्ष 2024-25 में फिर क्रूड स्टील उत्पादन और प्राफिट आफ टैक्स में पिछड़ गया है। इसका असर कर्मियों व अधिकारियों की वित्तीय सुविधाओं पर पड़ सकता है। सेल कारपोरेट आफिस ने तुलनात्मक उत्पादन रिपोर्ट जारी कर दी है। इसके अनुसार क्रूड स्टील प्रोडक्शन 2023-24 में 19.24 मिलियन टन और 2024-25 में 19.17 मिलियन टन हुआ। सेल्स वाल्यूम 2023-24 में 17.02 एमटी व 2024-25 में 17.89 एमटी हुआ। रेवेन्यू फ्राम आपरेशन- 1 लाख 5 हजार 375 करोड़ 2023-24 में है। जबकि वर्ष 2024-25 में 1 लाख 2 हजार 478 करोड़ हुआ। अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्स, डेप्रीसिएशन एंड अमांर्टाइजेशन वर्ष 2023-24 में 12 हजार 280 करोड़ और 024-25 में 11 हजार 764 करोड़ रहा। प्राफिट बिफोर एक्सपेक्टेशनल आयटम एंड टैक्स वर्ष 2023-24 में 4 हजार 529 करोड़ और 024-25 में 3 हजार 321 करोड़ रहा। जबकि एक्सपेक्टेशनल आयटम 841 करोड़ 2023-24 में हुआ। वहीं 2024-25 में यह 313 करोड़ हुआ। प्राफिट बिफोर टैक्स वर्ष 023-24 में 3 हजार 688 करोड़ रहा। 024-25 में 3 हजार 9 करोड़ है। सेल का प्राफिट आफ्टर टैक्स 023-24 में 2 हजार 733 करोड़ व 024-25 में 2 हजार 148 करोड़े रहा।

### लोक कलाकार अभन सेन ने किया हरीश साहू का सम्मान

**भिलाई।** लोक कलाकार अभन सेन ने कला के क्षेत्र में हरि मानस परिवार उरला के संचालक लोक गायक केशव साहू, कथा वाचक हरीश साहू, भजन गायिका बिंदिया साहू का सम्मान किया। 80 के दशक में रेडियो का जमाना था, उस समय हर घर में रेडियो देखने व सुनने के लिए मिलता था।

## निधन

### रामलाल बंजारे



**जामगांव आर।** ग्राम टेमरी निवासी रामलाल बंजारे 95 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे धनेश बंजारे, केशव बंजारे, तुलसी, लक्ष्मी, निर्मला के पिता थे।

परिवार के लोगों ने हल्दी की रश्म की, मंगल गीत गाए, मुमुक्ष नेहा डोसी व साक्षी भंसाली दीक्षा लेने के बाद संयम मार्ग पर चलेंगी

# श्रृंगार कर हाथों पर रचाई मेहंदी, लगाई हल्दी और साधना को चुना जीवनसाथी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। डौंडीलोहारा

नगर की दो बेटियां नेहा डोसी व साक्षी भन्साली दुल्हन की तरह सजीं। पूरा श्रृंगार कर हाथों में मेहंदी रचाई, हल्दी भी लगाई। परिवार के लोगों ने मंगल गीत गाए। दरअसल दोनों ही मुमुक्ष बहनों ने साधना को ही अपना जीवनसाथी चुना है और उसी के साथ संयम के मार्ग पर चलेंगी। वे 4 जून को राजस्थान के बीकानेर शहर में दीक्षा लेने जा रही हैं। इसके पहले बुधवार को जिले के डौंडीलोहारा के डोसी व भन्साली परिवार की बेटी नेहा व साक्षी को हल्दी लगाई गई। परिवार की महिलाओं ने एक- एक कर हल्दी चढ़ाने व उतारने की रश्में पूरी की। नौ कन्याओं व महिलाओं ने मूमुक्षु बहनों के नख से शिख तक हल्दी तेल चढ़ाया। महिलाओं ने दीक्षा गीत के साथ मंगल गीत भी गाए। नौ कन्याओं ने भी आपस में एक दूसरे को हल्दी लगाया। दीक्षार्थी बहनो ने स्वयं भी संसार की असारता को सामने रखते हुए मंगल गीत गाए व संयम जीवन का महत्व बताया।पारिवारिक जनों ने हल्दी व शगुन के कुमकुम की होली खेली आपस मे एक दूसरे में हल्दी व कुमकुम को चेहरों पर लगाया।

**नगर से विदाई 31 मई को**

दोनों ही मुमुक्षु बहनों की नगर से विदाई 31 मई को दोपहर बाद होगी।हालांकि दीक्षा 4 जून को राजस्थान के बीकानेर में आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा के मुखारविंद से होगी।31 मई को विधिवत लापसी लूट के साथ दोनों बहनें नगर से विदा लेंगीं।संघ समाज व पारिवारिक जनों के द्वारा दोनों ही बहनों को भावभीनी विदाई दी जाएगी। सांसारिक वस्त्रों में पर आगे जब भी उनका इधर विचरण होगा तो वे साध्वी ड्रेस में साध्वी बनकर ही आएंगी।घर परिवार से संसारिक नाते रिश्ते खत्म हो जाएंगे व गुरु शिष्य का नया रिश्ता बन जाएगा।



### संसार की आसरता को कम उम्र में जान व समझ लिया

नगर की लाडली बेटियों ने संयम का कठिन मार्ग चुना है। संसार की आसरता को उसने कम उम्र में ही जान व समझ लिया तभी तो तलवार की धार पर चलने जैसा मार्ग संयम जीवन का वरण करने जा रही है। उन्होंने साधना को ही अपना जीवनसाथी चुना है व उसी साधना के साथ मन से फेरे लेकर उसी जीवनसाथी के साथ जीवन पर्यंत साथ चलेगी। 4 जून को राजस्थान के नोखा मंडी में नेहा व साक्षी आचार्य भगवन रामलाल मसा के मुखारविंद से संयम पथ की दीक्षा अंगीकार करेंगी। उनके साथ दो भाई और एक बहन दीक्षा अंगीकार करेंगी। दीक्षा के बाद वे जैन साध्वी बन जाएंगी। नया नामकरण होगा और साधु साध्वी समाज की आचार संहिता के तहत उन्हें चलना होगा। आजीवन बिजली, पंखे, मोबाइल, वाहन, जुते चप्पल, धन-दौलत आदि का त्याग हो जाएगा। भिक्षाचर्या से नियमानुसार आहार व पानी ग्रहण करना होगा।

### आत्मा को परमात्मा बनाने एकमात्र रास्ता संयम का

चातुर्मास के चार महीने एक ही स्थान पर व बाकी के आठ महीने ग्रामानुग्राम पद विहार कर धर्म जागरण व भगवान महावीर की वाणी को लोगों तक पहुंचाने के काम करेंगे। नेहा व साक्षी ने कहा कि आत्मा को परमात्मा बनाने के लिए भगवान ने एकमात्र रास्ता संयम जीवन को ही बताया है, इसलिए अपने शक्ति व सामर्थ्य को जागृत अवश्य ही करें। संयम जीवन को अंगीकार करते हुए इस अमूल्य मानव भव को सार्थक अवश्य ही करें। मानव भव की सबसे अमूल्य चीज है संयम जीवन। इस संयम जीवन को सभी को ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए। हर आत्मा में परमात्मा बनने की शक्ति छिपी हुई है बस जरूरत है सम्यक पुरुषार्थ की। अपने घर परिवार की लाडली रही है दोनों मुमुक्षु बहने नेहा व साक्षी। बहुत ही कम उम्र में ही सामायिक सूत्र आदि को कंठस्थ कर लिया था।साथ ही प्रतिक्रमण सूत्र को याद कर लिया था। धीरे- धीरे साधु संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ व धर्म की श्रद्धा प्रगाढ़ होती चली गईं। शरीर नश्वर है आत्मा शाश्वत है यह उन्होंने बहुत कम उम्र में जान लिया। आत्मकल्याण के लिए भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलने काफी पहले से सोच लिया था। पहले खुद को परखा जाना अपने आप को कसौटी पर खरा पाया। फिर आचार्य भगवन रामलाल मसा व उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि मसा ने भी उन्हें संयम जीवन के लिए सही समझा व दीक्षा की स्वीकृति दी।

# किसानों के लिए बड़े तोहफे का ऐलान का स्वागत पीएम मोदी किसान हितैषी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस अहम मीटिंग में कैबिनेट ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 69 रुपये बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दे दी। कैबिनेट मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लिए कैबिनेट की मीटिंग के लिए फैसलों का ऐलान किया ।इसका सीधा मतलब ये हुआ कि इस सीजन में किसानों को 1 क्विंटल धान के लिए कम से कम 2369 रुपये दिए जाएंगे। बताते चलें कि इससे पहले किसानों को 1 क्विंटल धान के लिए न्यूनतम 2300 रुपये मिल रहे थे।

- मोदी सरकार ने बढ़ाई धान की एमएसपी को लेकर हर्ष का माहौल

### कैबिनेट ने 14 फसलों के लिए एमएसपी को दी गई मंजूरी

मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को मंजूरी दे दी। इन 14 खरीब फसलों में धान के अलावा ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, कपास, मूंगफली, सूरजमुखी के बीज, सोयाबीन (पीला), तिल और रामतिल शामिल है। 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए अरहर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़कर 8000 रुपये प्रति क्विंटल, उड़द का 400 रुपये बढ़ाकर 7800 रुपये प्रति क्विंटल और मूंग का 86 रुपये बढ़ाकर 8768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमति रमशिला साहू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसान हितैषी है किसानों के हित में फसल के समर्थन मूल्य का प्रति वर्ष वृद्धि करते हुए लागत राशि से अधिक मुनाफा दे रहे है।



### मोदी की गारंटी के साथ पूरी



किसान नेता पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी में किसानों को उनके लागत की 50 प्रतिशत से अधिक मुनाफा देने का है जिसे पूरा करने किसानों को फसल का समर्थन मूल्य निर्धारित किया जा रहा है वहीं प्रदेश की विष्णुदेव की भाजपा सरकार भी छत्तीसगढ़ में धान की खरीदी समर्थन मूल्य से अधिक 3100 / में लेकर अपना चुनावी वादा मोदी की गारंटी के साथ पूरा कर रही है।

### खेती-किसानी को प्रोत्साहन



प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य धनराज साहू ने कहा कि मोदी जी ने इन फसलों के लिए एमएसपी की कुल धनराशि 2,07,000 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ये सुनिश्चित किया गया है कि किसानों को उनकी लागत के ऊपर कम से कम 50 प्रतिशत का मार्जिन मिले जो किसान को खेती करने प्रोत्साहित कर रहे है ।

## स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने तालपुरी वन में योग कर किया गया पौधरोपण

**भिलाई।** वनमण्डल दुर्ग द्वारा योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन नगर वन तालपुरी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि आईएफएस डीएफओ दीपेश वन विभाग जिला दुर्ग थे।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत योग प्रशिक्षक दामिनी साहू ने प्रतिभागियों को प्राचीन योग आसनों, प्राणायाम, ध्यान और ध्यान केंद्रित करने की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कमल साहू ने बताया कि "हमारा उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना और इसके माध्यम से मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम सभी के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें वे योग के लाभों को अनुभव कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित खिलेंद्र कुमार साहू युवा भारत पर्यावरण विभाग प्रांत प्रभारी व छत्तीसगढ़ योग एसोसियेशन राज्यकार्यकारिणी सदस्य ने उपस्थित जनसमुदाय से स्वस्थ्य शरीर के लिए योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने और प्रतिवर्ष कम से कम एक वृक्ष ट्री गार्ड के साथ लगाकर उसकी सेवा कर सामाजिक दायित्व निभाने की बातें कही।

## महीनेभर से बिगड़ा पड़ा बोरिंग निगम ने किया रिपेयर, ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई



**हरिभूमि की खबर का असर**

घड़ी चौक सुपेला के हनुमान मंदिर परिसर के पिछले कई दिनों से बिगड़े पड़े बोरिंग में पानी आ जाने से श्रद्धालुओं और आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली है। इस हैंडपंप के खराब होने से लोगों के इस गर्मी के मौसम में भारी परेशानी हो रही थी। नगर निगम भिलाई द्वारा सक्रियता से पंप को रिपेयर करने के बाद अब यहां के लोगों को पानी की किल्लत से मदद मिल गई है। गौरतलब हो कि फोरलेन के किनारे कमला मेडिकल के सामने हनुमान मंदिर परिसर में हैंडपंप पिछले करीब महीनेभर से बिगड़ा पड़ा था। इससे गर्मी के मौसम में क्षेत्रवासियों को निस्तारी पानी के लिए परेशानी हो रही थी। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और धार्मिक आयोजनों के दौरान मंदिर कमेटी व सुपेला मार्केट के व्यवसायियों और कर्मियों को भी असुविधा हो रही थी। इस दौरान मंदिर के पुरारी व लोगों द्वारा कई बार नगर निगम कर्मियों से हैंडपंप रिपेयर करने की गुहार के बाद भी ध्यान नही दिया जा रहा था। इस संबंध में हरिभूमि ने महीनेभर से बिगड़ा पड़े हैंडपंप शीर्षक से खबर प्रकाशित कर निगम अधिकारियों का ध्यानाकर्षण किया था। इसके बाद निगम के आयुक्त राजीव पांडे ने तत्काल कर्मियों को भेजकर हैंडपंप को रिपेयर करवाया और इसमें पानी आना भी शुरु हो गया। इससे मंदिर के श्रद्धालुओं व व्यवसायियों को राहत मिली है। हनुमान मंदिर के पुजारी पं. शिव गणेश दुबे ने निगम के आयुक्त के प्रति आभारजताया है।

## क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई का चुनाव 22 को, हुई बैठक

**भिलाई।** क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर का चुनाव 22 जून को किया जाएगा। चुनाव की इसकी घोषणा होने के साथ ही सामाजिक सदस्यों के बीच चुनावी सरगर्मी तेज हो गयी है। 2 वर्षो के बाद हो रहे इस चुनाव में 17 सदस्यीय कार्यकारिणी चुनने के लिए 1565 सदस्य मतदान करेंगे। क्षत्रिय कल्याण सभा की विशेष आम सभा 22 जून को 9.30 बजे महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7 भिलाई नगर में आयोजित की गयी है। विशेष आम सभा के बाद कार्यकारिणी चुनाव के लिए मतदान किया जाएगा। जानकारी देते हुए सभा के मंत्री शैलेन्द्र सिंह ने बताया की समान्य सभा में अध्यक्ष के उद्बोधन के बाद सुबह 11 बजे से मतदान सपन्न होगा। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचि का प्रथम प्रकाशन 4 जून को किया जायेगा। दवा -आपत्ति 6 जून को लिए जायेंगे। मतदाता सूचि का अंतिम प्रकाशन 8 जून को किया जायेगा। इस चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह होंगे। साथ ही बद्री प्रसाद सिंह और अजय कुमार सिंह सहायक चुनाव अधिकारी बनाये गए है।

# मिलन को मिला स्काउटरका राज्यपाल पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▸▸। डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित राजभवन में राज्यपाल पुरस्कार एवं अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। माननीय राज्यपाल श्री रामेन डेका के हाथों बालोद जिले की ALT स्काउट मास्टर मिलन सिंह सिन्हा ने राजभवन द्वारा जारी राज्यस्तरीय /"सर्वश्रेष्ठ स्काउटर/" का राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त किया। जिला सचिव के एल गजेन्द्र के नेतृत्व में बालोद जिले के प्रतिभागी राजभवन पहुंचे थे।

समारोह में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, स्कूल शिक्षा सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल, राज्यपाल के सचिव डॉ सीआर प्रसन्ना मंचासीन रहे। यूनिट लीडर मिलन सिन्हा को यह पुरस्कार सेजस विद्यालय दुधली में संचालित सुभाष दल के 47 स्काउट 43 गाइड ,रोवर, रेंजर को राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करने, स्वच्छता अभियान में सेवा कार्य, सड़क यातायात सुरक्षा पर कार्य करने, पर्यावरण संरक्षण में वृक्षारोपण करने, राज्य स्तरीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में भागीदारी, कोविड 19 में मास्क वितरण, मोहल्ला कक्षा में अध्यापन कार्य, स्काउट गाइड रोवर रेंजर को डिजिटल शिक्षा देना, राष्ट्रीय एवं अंतरास्ट्रीय सांस्कृतिक आदान प्रदान शिविरों में भागीदारी, एडवेंचर इंस्टीट्यूट पचमढ़ी में स्काउट गाइड तथा स्वयं भी साहसिक गतिविधियों में भागीदारी, भीषण गर्मी में प्याऊ घर संचालित करने पर राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देव देवांगन, सभी सदस्य सहित समस्त स्टाफ ने बधाई प्रेषित किए।

## मरीज की गंगाजल पीने की इच्छा पूरी करने भिलाई में सफल हुआ रिस्की ऑपरेशन

# 95 साल के बुजुर्ग को आहार नली का था कैंसर, थूक निगलना भी था मुश्किल, ऑपरेशन से मिली नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

आहार नली में कैंसर का ऑपरेशन अब भिलाई में भी संभव हो गया है। स्पर्श हॉस्पिटल भिलाई के डॉक्टरों ने यह कर दिखाया है। 95 वर्षीय सुखनंदन लाल की इस समस्या का ऑपरेशन के जरिए निराकरण किया गया है। मरीज जब अस्पताल में भर्ती हुए थे तो ना भोजन निगल सकते थे और न ही पानी गले के नीचे उतरता था। मुंह का थूक निगलना भी मुश्किल था। सुखनंदन की हालत और उम्र देखकर डॉक्टरों ने उन्हें घर में रहकर परिवार के साथ अच्छे दिन बिताने का सुझाव दिया। सुखनंदन ने डॉक्टरों का सुझाव कुबूल कर लिया, लेकिन उन्हें अपनी इच्छा भी बता दी। सुखनंदन अपने प्राण त्यागने से पहले गंगाजल ग्रहण करना चाहते थे। आहार नली के कैंसर के चलते ऐसा करना मुश्किल था, लेकिन गैस्ट्रोएंटोलॉजिस्ट डॉ. अर्पण जैन और उनकी टीम ने इस इच्छा को पूरी कराने की ठान ली। डॉक्टरों की टीम ने काफी रिसर्च के बाद सुखनंदन का ऑपरेशन करने की रणनीति बनाई और आहार नली में जिस जगह पर कैंसर था, वहां 14 सेंटीमीटर का स्टंट डालकर आहार नली के मुंह को चौड़ा कर दिया। भिलाई आने से पहले यह बुजुर्ग अन्य अस्पतालों के डॉक्टरों से परामर्श के लिए पहुंचे थे, लेकिन सभी ने उनकी उम्र और बिगड़ी हुई तबीयत को देखकर मामले में हाथ डालने से इनकार कर दिया।

### ऐनेसथिसिया सबसे बड़ी चुनौती

करीब 20 मिनट चले इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि 95 साल की उम्र में मरीज को एनेसथिसिया से बेहोश करना बेहद मुश्किल था। इसमें थोड़ी सी भी ऊंचनींच से बुजुर्ग कोमा में चले जाते या उनकी जान भी जा सकती थी। ऐसे में क्रिटिकल केयर यूनिट के विशेषज्ञ डॉ. संजय गोयल ने मोर्चा संभाला और अपने अनुभव से एनेसथिया के लिए प्रक्रिया पूरी की। आखिरकार ऑपरेशन सफल रहा। जिसकी बदौलत सुखनंदन ने न सिर्फ गंगाजल पिया, बल्कि अब वे खाना-पानी भी ग्रहण करने के लायक हो गए हैं। अपने मरीज के इमोशन को तरजीह देते हुए किए गए इस ऑपरेशन के बाद सुखनंदन अपने परिवार के साथ आखिरी का बचा समय खाते-पीते, हस्ते मुस्कुराते बिता रहे हैं।




### युवाओं में भी आहार नली का कैंसर बढ़ा

डॉ. अर्पण का कहना है कि वर्तमान युवा जंक फूड, सिगरेट और शराब का बहुत अधिक सेवन कर रहा है। जिससे आहार नली और आतों के कैंसर की समस्या बढ़ गई है। गैस्ट्रोएंटोलॉजिस्ट के पास आने वाले मामलों में युवाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। इस सर्जरी में भले ही मरीज की आयु 95 साल रही हो, लेकिन शुरुआत में ही इसे पहचान लिया जाए तो बीमारी को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। डॉक्टर के मुताबिक, आहार नली से जुड़ी बीमारियों में मरीज को सबसे पहले कुछ भी निगलने में समस्या होने लगती है। खाना खाने के बाद उल्टी होना और पानी या थूंक निगलने में भी दर्द का अहसास होता है। यह सामान्य लक्षण नहीं है। इस तरह की किसी भी समस्या के लिए जल्द से जल्द डॉक्टर को दिखाने की जरूरत होती है। डॉक्टर्स एंडोस्कोपी के माध्यम से समस्या का पता लगा सकते हैं। इससे समय पर इलाज शुरू कर मरीज को कैंसर तक पहुंचने या बढ़ते कैंसर को काबू करने में मदद मिल सकती है।

### डॉक्टरों की सलाह बिना परामर्श गैस की दवा न खाएं

डॉ. अर्पण ने बताया कि हर तीसरा आदमी जंक फूड और अनियमित दिनचर्या की वजह से गैस की समस्या से परेशान है। बाजार में बिकने वाली गैस की दवाइयों के अधिक इस्तेमाल से अब कम उम्र में ही किडनी, लीवर और आंतों से जुड़ी बीमारियों में तेजी आई है। हाल ही की रिसर्च में पाया गया है कि, युवाओं में एसिड रिफलेक्ट होने की समस्या तेजी से बढ़ी है। इस समस्या में खाना खाने के बाद वह वापस मुंह की तरफ लौटने लगता है। इसे लोग आमतौर पर उल्टी कह देते हैं, लेकिन बीमारी कुछ और भी हो सकती है। यह बीमारी जीआरडी का संकेत हो सकता है। शुरू में हल्की उल्टी, मतली के बाद गले और आहार नली में चोकिंग की समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है।

## नन्हें कलाकारों ने दी रविंद्र सुधा की मोहक प्रस्तुति

**भिलाई।** गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित रविंद्र सुधा कार्यक्रम संपन्न हुआ। ही मनमोहक था। रवींद्रनाथ टैगोर के स्वरबद्ध किए गए बच्चों के गीतों को उनके स्वरलिपि के अनुसार ही ही मोहक प्रस्तुति को दशकों ने सराहा। रविन्द्र नृत्य की भी आकर्षक प्रस्तुति युवाओं द्वारा की गई। नाटक डाकघर की भी मंचन तीन पीढ़ी के कलाकारों द्वारा किया गया। छः ऋतुओं ग्रीष्म, बरखा,शरद, हेमंत,शीत, बसंत के गीतों का समूह गान किया गया और गायिकाएं छः ऋतुओं के रंगों की साड़ियां पहन कर मंच पर रंग बिखेर रही थी। बच्चों द्वारा का रविंद्र संगीत भी दर्शनीय था ।

## खबर संक्षेप

### निकुम में 19 से 5 दिनी शिवमहापुराण कथा

**बालोद/निकुम।** दुर्ग जिले के ग्राम निकुम में 19 जून गुरुवार से 23 जून तक पांच द्विवसीय शिवमहापुराण कथा अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले के श्रीमुख से कथा स्थल स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय कॉलेज निकुम के सामने बड़े मैदान में कथा वाचन दोपहर 1 बजे शाम 5 बजे तक करेगें। वही शिवमहापुराण आयोजक समिति प्रमुख व पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने बताया कि कथा स्थल में मुरुम फिलिंग, साफ सफाई व तैयारी चल रही है, जिसमें तकरीबन तीन लाख से अधिक शिवभक्त श्रध्दालु गण वाटर फ्रुप पंडाल में कथा श्रवण करेगें, वही पेयजल व भोजन भंडारा, सहित वाहनों के पार्किंग, वाहनो के रुट की तैयारी चल रही है। वही निकुम के रेस्ट हाउस में पंडित प्रदीप मिश्रा की ठहरने की व्यवस्था, पुलिस व्यवस्था सहित सभी तैयारी जोरो से चल रही है, ग्राम निकुम के समस्त ग्रामवासी व महिलाएं तैयारी में जुट गई है, वही अंचल के निकुम, खुरसुल, मोंहदीपाठ, आमटी, खुर्सीपार, गोड़ेला, आलबरस, रुदा, खाड़ा, तिरगा, मासाभाठ सहित सभी गांवो समीपथ ग्रामवासी आयोजन को सफल करने में सहयोग कर रहे है।



### कुसुमकसा व रजोली में समाधान शिविर आज

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार, 30 मई को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुसुमकसा के हाई स्कूल मैदान और गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम रजोली के शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण में 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुसुमकसा में आयोजित शिविर में कुसुमकसा के अलावा गिधाली, भरएँटोला 43, चिपरा, रजही, पथराटोला, अरमुरकसा, कारूटोला, धोबेदण्ड, बिटाल, खम्हारटोला, धुर्वाटोला के निवासी शामिल होंगे। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम रजोली के अलावा ग्राम चारभाठा, पेण्डरी, कलंगपुर, बोरगहन फु, बोदल, मोखा, परसदा मो, कजराबांधा, बरबसपुर, खपरी ब, कुथरेल, अचौद, भूसरेंगा, सतमरा के निवासी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए प्रशिक्षण मिलेगा

**बालोद।** भारतीय अग्निवीर थलसेना 2025 में बालोद जिले के आवेदक निःशुल्क लिखित परीक्षा हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि आवेदकों को अपने थलसेना के ऑनलाईन पंजीयन फार्म के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 03 जून तक उपस्थित होना होगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय अग्निवीर थलसेना 2025 अंतर्गत पहले चरण में लिखित परीक्षा और द्वितीय चरण में शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन लिखित परीक्षा जून 2025 में आयोजित होना संभावित है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**सौगात**

**भेंगारी, निपानी, तमोरा, अगोरा, लिमोरा, भेंड़िया नवागांव, बोड़की, पोण्डी, परसोदा, चिचबोड़, अंगारी, चारवाही, बिरेतरा के लोगों को मिली राहत**

# पीपरछेड़ी समाधान शिविर में सौगातों की बारिश, कई गांव के ग्रामीण हुए लाभान्वित


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम पीपरछेड़ी में आयोजित समाधान शिविरों में शामिल लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। इसी कड़ी में बालोद विकासखण्ड के ग्राम पीपरछेड़ी में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम भेंगारी, निपानी, तमोरा, अगोरा, लिमोरा, भेंड़िया नवागांव, बोड़की, पोण्डी, परसोदा, चिचबोड़, अंगारी, चारवाही, बिरेतरा के निवासी शामिल हुए। सुशासन तिहार के अवसर पर बालोद विकासखण्ड के पीपरछेड़ी में आयोजित समाधान शिविर में जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, जनपद सदस्य टेमन साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पे्रम साहू, धमेन्द्र साहू, अरूण साहू, संजय साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

- राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, धान बीज, कीटनाशक का किया वितरण

ग्राम पीपरछेड़ी में जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया ने कहा कि सुशासन तिहार के आयोजन के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का पड़ताल कर समयबद्ध तरीके से उनका समुचित निराकरण करने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि आने वाले समय में हम सभी को इस सुशासन तिहार का दूरगामी असर देखने को मिलेगा। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधयों ने भी सुशासन तिहार के आयोजन की उद्देश्यों की जानकारी दी।

बालोद विकासखण्ड के ग्राम पीपरछेड़ी में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान पीपरछेड़ी कलस्टर के अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 2379, खाद्य विभाग को 360, समाज कल्याण विभाग को 340, राजस्व विभाग को 102, महिला एवं बाल विकास विभाग को 140, विद्युत विभाग को 146, शिक्षा विभाग को 63, स्वास्थ्य विभाग को 30 सहित कुल 3716 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई।







### 3127 आवेदनों का परीक्षण कर निराकरण किया सुनिश्चित

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के ग्राम पीपरछेड़ी कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 3716 एवं ग्राम खोलझर कलस्टर में शामिल लोगों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 3127 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। आज जिले के शिविरों में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वी—ति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म और नन्हे मुन्हे बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्रासन संस्कार को भी पूरा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया। इसके साथ ही अतिथियों ने जिले में लगातार घट रहे भूजल स्तर के मद्देनजर जल संरक्षण के उपाय तथा इनके संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई।

## 254 जगह पर दी दबिश, दो लाख की शराब महुआ और वाहन जब्त, 118 प्रकरण कायम







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक सीएसएमसीएल श्याम लाल धावड़े के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बालोद जिले में अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसके अंतर्गत शराब कोचियों के विरूद्ध अवैध निर्माण, धारण, परिवहन, विक्रय एवं चौर्यनयन के विरुध्द कार्यवाही करते हुए 27 मई को थाना बालोद क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी टेमन लाल के पास से कुल 34 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 30 कि.ग्रा. महुआ लाहन जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है।

इसी तरह 26 मई को थाना बालोद क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी भारत लाल कोसरे के पास से 35 लीटर कच्चा महुआ शराब जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है। इसी तरह 24 मई को थाना रनचिरई क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी बिरेन्द्र देशलहरे के पास से 12 लीटर कच्चा महुआ शराब जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है। इसी तरह 23 मई को थाना गुरूर क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी महेश पटेल के पास से 17 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है।

- 306 .68 लीटर अवैध शराब, 110 कि .ग्रा . महुआ लाहन एवं 03 दोपहिया वाहन तथा 02 सायकल जब्त

थाना राजहरा क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी चोवाराम के पास से 5.4 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है। इसी तरह 22 मई को थाना मंगचुवा क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी सुखेन लाल के पास से 7.02 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है। इस प्रकार कुल 06 प्रकरणों में 29.52 लीटर देशी एवं 81 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 110.52 लीटर शराब एवं 60 कि.ग्रा. महुआ लाहन को जप्त किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 01 अप्रैल 2025 से 27 मई 2025 तक 254 जगहों में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण, निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरुध्द सतत अभियान चलाकर कुल 118 अपराधिक प्रकरण कायम किया गया है। जिसमें कुल 306.68 लीटर अवैध शराब, 110 कि.ग्रा. महुआ लाहन एवं 03 दोपहिया वाहन तथा 02 सायकल (कुल बाजार मूल्य 02 लाख 18 हजार 145 रुपये) जप्त की गई है एवं मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता संचालकों के विरुध्द कुल 09 विभागीय प्रकरण कायम किया गया है।

## शिकारीटोला के पास बस पलटी, 5 गंभीर

**कुसुमकसा।** नारायणपुर से रायपुर जा रही बस्तर ट्रेवल्स की बस कुसुमकसा राजनांदगांव मार्ग के शिकारीटोला के पास देर रात्रि अनियंत्रित होकर पलट गई ,बस में लगभग 40 से अधिक यात्री सवार थे जिनमे पांच यात्रियों को मामूली चोटे आई ,बाकी यात्री सुरछित थे बस्तर ट्रेवल्स की बस क्रमांक सी जी 27 एल 9947 नारायणपुर से रात्रि 9.45 बजे रायपुर के लिए निकली थी की रात्रि लगभग 2.30बजे शिकारीटोला के पास अनियंत्रित होकर पलट गई ,घटना की जानकारी मिलते ही राजहरा पुलिस बल घटनास्थल पहुंच गई वही 108 एंबुलेंस भी पहुंच गई थी , पांच यात्रियों को आई मामूली चोट एवं बाकी यात्रीयो के सुरछित होने पर उक्त बस कंपनी की दूसरी बस से सुबह 4 बजे यात्रियों को गंतव्य के लिए रवाना किया गया राजहरा थाना में बस चालक सतनामसिंह के खिलाफ भा द वि के तहत 281,337, 125ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



## पिता की मृत्यु पर 3 बेटियों ने दिया कांधा और दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

बेटियां अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है यह सिद्ध किया नगर की तीन बहनो ने अपने पिता के मृत्यु के उपरांत अपना कांधा भी दिया व मुक्तिधाम में उन तीनों ही बेटियों ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि भी दी।वाकया मंगलवार का है जब नगर के मोतीलाल संचेती का निधन सोमवार को हो गया।मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।चूंकि मोतीलाल संचेती की तीन बेटियां समता , प्रतीक (पूजा )व आरती है।समता व प्रतीक विवाह के बाद अपने ससुराल में रहती है।

निधन की सूचना पर वे यहां आई।तीनो ही बहनो ने निश्चय किया कि पिता के अंतिम संस्कार को वे ही विधिवत पूर्ण करेंगी।पारिवारिक व सामाजिक जनों के साथ अंतिम यात्रा में भाग लिया व अपने पिता की अर्थी को कांधा भी दिया।साथ ही मुक्तिधाम में पिता की चिता को तीनों ही बहनो ने मुखाग्नि भी दी।शोक सभा के दौरान दूसरे न की बेटी जो साजा ब्लॉक के रानो ग्राम में शिक्षिका है उन्होंने अपने पिता की स्मृति में दो बच्चों के पहली से लेकर बारहवीं तक पढ़ाई करवाने का संकल्प लिया।तीनो ही बेटियों के बहादुरी की चर्चाएं नगर में होती रही। मोतीलाल संचेती चार भाइयों में मूलचंद रिखबचंद प्रेमचंद संचेती में सबसे छोटे भाई थे।तीनो भाई के बच्चे धरमराज पदमचंद महावीर दर्शन अभिनंदन ने अंतिम संस्कार में अपनी बहन समता प्रतीक व आरती का सहयोग किया। नगर के जैन समाज का संभवतः यह पहला मौका है जब बेटियों ने अपने पिता के अर्थी को कांधा दिया व मुखाग्नि भी दी। अंतिम संस्कार के बाद शोकसभा आयोजित की गई व दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।



## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 37 जोड़े का हुआ विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही/अंडा

ग्राम सिरसीदा, जगभाठा विष्णु मंदिर परिसर में एकीकृत बाल विकास परियोजना गुण्डरदेही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें 37 जोड़े का विवाह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम लाल चंद्राकार, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही नीतीश मोंटी यादव, सभापति हेमलता देशलहरा, सरपंच ग्राम पंचायत ओटेबंद जीवनलाल साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा सरस्वती चंद्राकर, उप सरपंच ग्राम पंचायत पुखराज निर्मलकर, सरपंच सिरसिदा दामिनी चंद्राकर, जनपद जनप्रतिनिधि भूपेंद्र साहू, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, अश्वनी यादव, अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंद कुलदीप साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल गुण्डरदेही युवराज मारकंडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी बालोद धीरेंद्र प्रताप सिंह, अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार कोमल धुरव, सीईओ जनपद पंचायत गुण्डरदेही महेंद्र जांगड़ेएवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं वरवधू के साथ आए परिजन वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करने उपस्थित रहे।

वही महिला एवं बाल विभाग विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सेक्टर पर्यवेक्षक उपस्थित रहे, कार्यक्रम का आभार परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गुण्डरदेही खलेश्वरी नेताम के द्वारा किया गया।





## वार्डों में जारी नल जल योजना के कार्यों का नपं अध्यक्ष और अफसरों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, सीएमओ किरण पटेल, सब इंजीनियर रूपेश सिंह राठिया, अमृत मिशन के कंसल्टेंट इंजीनियर अंसारी, पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, लोकेश्वरी शंकर यादव, संतोष नेताम, रामवती सोनकर, सलीम खान के द्वारा अमृत मिशन 2.0 के तहत चल रहे नल जल योजना के कार्य का निरीक्षण पूरे वार्ड में जाकर किया गया।

अमृत मिशन 2.0 के तहत पाइप लाइन विस्तार के लिए गड्ढा खोदा गया है, जिसमें मिट्टी को बराबर नहीं किया गया है चुकि अब बरसात का मौसम है पानी गिरने के कारण सड़को में कीचड़ हो रहा है जिसके कारण आने जाने में परेशानी होती है जिसके लिए अध्यक्ष प्रमोद जैन ने तुरंत ही नगर पंचायत के द्वारा मुरूम, जीरा गिट्टी डलवाने के लिए निर्देश दिया। साथ ही अमृत मिशन के ठेकदार को काम ठीक से नहीं करने, समय से कार्य पूरा नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 1 जून से 30 जून तक गुण्डरदेही में कैंप आयोजित किया जाना है, इस योजना के तहत जरूरतमंद लोगों को मुक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना एवं चिकित्सा सुविधा और इलाज मुफ्त में किया जाता है, स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत गुण्डरदेही के लिए रूट चार्ट भी बनाया गया है, जिसमें 1 जून व 20 जून को बघमरा प्राइमरी स्कूल, 4 जून व 22 जून को हटरी बाजार में, 11 जून 25 जून को शीतला मंदिर के पास, 14 जून को चैनगंज कला मंच के पास, 17 जून को संजय चौक के पास और 28 जून को सहारा चौक के पास स्लम स्वास्थ्य योजना का कैंप लगाया जाएगा, जिनको भी अपने स्वास्थ्य का चेकअप करवाना हो वे सभी रूट चार्ट देखकर आए और स्वास्थ्य लाभ लें।



online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर , 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411